(303)

# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग

बिहार सरकार

विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.i

पत्रांकः BRLPS/LSBA/Proj/125/13/878 दिनांकः 9/2/2021

प्रेषक,

**राजीव कुमार सिंह,** बि०प्र०से०,
प्रशासी पदाधिकारी-सह-राज्य समन्वयक।

सेवा में,

**सभी जिला समन्वयक,**
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार।

विषय: **लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत योग्य लाभार्थियों को शिविर लगाकर प्रोत्साहन राशि भुगतान करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि दिनांक 05.02.2021 एवं 06.02.2021 को ज्ञान भवन में आयोजित विभागीय समीक्षात्मक बैठक में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के समीक्षा के क्रम में माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत योग्य लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि भुगतान शिविर लगाकर 31.03.2021 तक पूरा करने का निदेश दिया गया है।

विभागीय समीक्षा बैठक में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत निम्न तिथियों को शिविर लगाकर प्रोत्साहन राशि भुगतान कराने का निर्णय लिया गया है:

दिनांक - 18.02.2021 प्रथम शिविर
दिनांक - 03.03.2021 द्वितीय शिविर
दिनांक - 17.03.2021 तृतीय शिविर
दिनांक - 25.03.2021 चतुर्थ शिविर

उपरोक्त निर्धारित तिथियों में सभी योग्य लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान सुनिश्चित करने हेतु निम्न तैयारी की जाए :

(क) प्रखण्डवार एवं ग्राम पंचायतवार लाभुकों को चिन्हित किया जाए।
(ख) ग्रामवार एवं पंचायतवार निर्मित शौचालयों के जिओ-टैगिंग एवं आधार संग्रहण हेतु नोडल कर्मी प्रतिनियुक्त किया जाए।
(ग) आधार अपडेट करना एवं भुगतान डोंगल के माध्यम से किया जाए।
(घ) प्रखण्डवार प्रोत्साहन राशि भुगतान की तैयारी की समीक्षा करना तथा शिविर हेतु आवश्यक निर्देश दिया जाना।
(ङ) शिविर तिथि को प्रखण्डों में भ्रमण कर भुगतान शिविर की समीक्षा करना।

राज्य स्तर से सहयोग हेतु राज्य स्तरीय सलाहकार उक्त तिथि को राज्य के विभिन्न जिलों में उपलब्ध होंगे। साथ ही साथ दुरभाष पर तकनीकी सहयोग के लिए उपलब्ध रहेंगे।

(302)

अतः अनुरोध है कि निर्धारित तिथि को प्रखण्डवार प्रोत्साहन राशि भुगतान हेतु शिविर आयोजित करना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन

08/02/21

(राजीव कुमार सिंह)

ज्ञापांक: BRLPS/LSBA/Proj/125/19/878 दिनांक: 08/02/2021

प्रतिलिपि: सभी जिला सलाहकार, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि: सभी निदेशक-सह-सदस्य सचिव, DRDA को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि: सभी उपविकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

08/02/21.

(राजीव कुमार सिंह)